(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

नेपाल के लिये आवागमन की सुविधायें

२०८६. { **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :**
श्री प्र० चं० बरुआ :

क्या **वाणिज्य तथा उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि नेपाल की सरकार ने आवागमन की अधिक सुविधाओं की मांग की है ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय में अन्तराष्ट्रीय व्यापार मंत्री (श्री मनुभाई शाह): (क) जी, हां।

(ख) नेपाल की सरकार ने नेपाल को माल भेजने के लिये अधिक संख्या में रेलवे वैगनों की व्यवस्था करने के लिये कहा है। नेपाल द्वारा हाल ही में पाकिस्तान के साथ किये गये व्यापार करार के फलस्वरूप भारत होकर नेपाल से पाकिस्तान तथा पाकिस्तान से नेपाल को माल भेजने के संबंध में नेपाल ने मार्ग संबंधी कुछ सुविधाओं की भी मांग की है।

(ग) इस मामले पर सरकार विचार कर रही है।

Laxmi Cotton Traders Private Ltd.

2090. { **Shri G. Mohanty:**
Shri Rama Chandra Mallick:

Will the Minister of **Commerce and Industry** be pleased to state:

(a) the number of directors of Shri Laxmi Cotton Traders Private Ltd.;

(b) whether any of them are near or distant relatives of the Chairman of the Company; and

(c) how many of the directors are ladies?

The Minister of Industry in the Ministry of Commerce and Industry (Shri Kanungo): (a) Five.

(b) Yes, one of them is a relative of the Chairman of the Company.

(c) Two.

उत्तर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में उद्योग

२०९१. { **श्री भक्त दर्शन :**
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या **वाणिज्य तथा उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तीसरी पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के पिछड़े हुए पर्वतीय क्षेत्रों में किन-किन नये उद्योग केन्द्रों (इण्डस्ट्रियल युनिट्स) को अब तक स्थापित किया गया है अथवा स्थापित करने का प्रस्ताव है ;

(ख) उनमें से प्रत्येक की स्थापना के बारे में अब तक क्या प्रगति हुई है ;

(ग) उनमें से कौन-कौन उद्योग-इकाइयां सरकारी क्षेत्र में हैं और कौन गैर-सरकारी क्षेत्र में; और

(घ) उन उद्योग-इकाइयों की प्रगति और तेज करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय में उद्योग मंत्री (श्री कानूनगो) : (क) से (घ) सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा की मेज पर यथा समय रख दी जाएगी ।